उत्तर मध्य रेलवे
कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ

# कार्य अध्ययन रिपोर्ट

## झांसी मंडल के परिचालन विभाग में वरि.मंडल परिचालन प्रबन्धक/उमरे/झांसी के अधीनस्थ कार्यरत केबिन मैन संवर्ग के कार्य की समीक्षा

कार्य अध्ययन सं.– म.प्र./उ.म.रे./का.अ./02–IV/20–21


<u>मार्गदर्शन एवं निर्देशन</u>

श्री एन.के.सिन्हा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री मन्नू प्रकाश दूबे
उप महाप्रबंधक/सामान्य

एवं

<u>सहयोग</u>

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

<u>सम्पादित</u>

मनोज कुमार श्रीवास्तव
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

# 1. अनुक्रमणिका



| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सांर | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | अध्याय– प्रथम<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | अध्याय– द्वितीय<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5–6 |
| 5. | अध्याय–तृतीय<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 7 |

## 2. अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | झांसी मंडल के परिचालन विभाग में वरि.मंडल परिचालन प्रबन्धक /उमरे/झांसी के अधीनस्थ कार्यरत केबिन मैन संवर्ग के कार्य की समीक्षा |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | ग्रुप सी (केबिन मैन) |
| 3. | विभाग का नाम | परिचालन विभाग |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2020–21 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 28.8.2020 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 17.9.2020 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 42 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 8 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 22 |
| 10. | वित्तीय बचत | 1,64,63,304/– <br> **(एक करोड चौसठ लाख तिरसठ हजार तीन सौ चार मात्र )** |

## 3.आभार

कार्याध्ययन दल श्री शशी कान्त त्रिपाठी,, वरि.मंडल परिचालन प्रबन्धक, उमरे, झांसी मंडल का गहन आभारी है, जिन्होने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्ग दर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्य अध्ययन दल श्री महेश सिंह, संचालन निरीक्षक/एम. पी.पी./झांसी एवं श्री पी.के. सिंह, यातायात निरीक्षक, बांदा का विशेष आभारी है जिन्होने इस कार्य अध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में पाया गया कि झांसी मंडल में केबिन मैन संवर्ग के लिये 42 पद स्वीकृत है, जिसमें से 08 कर्मचारी कार्यरत हैं एवं 34 पद रिक्त है। कार्य अध्ययन में पाया गया कि झांसी मंडल के 03 तीन स्टेशनो जैसे सुमौली, दतिया, एवं ग्वालियर में केबिन मैन के कोई पद स्वीकृत नहीं है उसके बावजूद प्वांइन्ट मैनो का कार्य केबिन मैनो से कराया जा रहा है जो उचित नहीं है। झांसी मंडल के **Nandkhas & Jhansi** स्टेशन पर ई.आई एवं एस.एस.आई सिस्टम लागू हो गया है, इसलिये यहां केबिन/लीवरो द्वारा गाडी के संचालन का कार्य समाप्त हो गया है।

अतः कार्य अध्ययन दल, परिचालन विभाग में कार्यरत केबिन मैन संवर्ग के 22 पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है। इससे कुल वार्षिक बचत रु0 1,64,63,304/—(एक करोड चौसठ लाख तिरसठ हजार तीन सौ चार मात्र ) होगी।

## 4.अध्याय–प्रथम

## प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग का समावेश होने से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में तथा मैन पावर की कमी से निपटने में सरलता हुई है। रेलवे में कुछ कार्य वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आवश्यक नहीं रह गये है एवं उस कार्य को करने वाले कर्मचारी दूसरे कार्य में प्रयोग किये जा रहे है। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा झांसी मंडल के परिचालन विभाग में वरि.मंडल परिचालन प्रबन्धक/उमरे/झांसी के अधीनस्थ कार्यरत केबिन मैन कैटेगरी के कार्य की समीक्षा विषय को कार्य अध्ययन हेतु चुना गया। यह कार्य अध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2020–2021 के लिए अनुमोदित कार्य अध्ययन सूची से उद्धृत है।

इस विषय में परिचालन विभाग में केबिन मैन संवर्ग के कार्यो का अध्ययन करने पर संज्ञान में आया कि झांसी मंडल में 42 केबिन मैन के स्वीकृत पदो में केवल 08 कर्मचारी कार्यरत है जिसमें से 3 केबिन मैन के पदो का उपयोग जिन स्टेशनो पर केबिन मैन के पद स्वीकृत नहीं है, उन स्थानो पर केबिन मैन के माध्यम से प्वांइन्ट्स मैन के कार्यो को सम्पादित कराया जा रहा है, जो कि उचित नहीं है। वर्णित कार्य अध्ययन वरि.मंडल परिचालन प्रबन्धक/उमरे/झांसी के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

## 5.अध्याय–द्वितीय

## कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण

**2. कर्मचारी संख्याः**– वरि.मंडल परिचालन प्रबन्धक/उमरे/झांसी मंडल के अधीनस्थ कार्यरत परिचालन विभाग में केबिन मैन कैटेगरी के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है

### 2.1 झांसी मंडल के स्टेशनो पर कार्यरत केबिन मैन /परिचालन का विवरण

| S.No. | Station | SS | MOR | Vac. |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Nandkhas | 04 | 01 | 03 |
| 2- | Kathara Raod | 04 | - | 04 |
| 3- | Patara | 04 | - | 04 |
| 4- | Ghatampur | 04 | 01 | 03 |
| 5- | Ichauli | 04 | 01 | 03 |
| 6- | Bharuwa Sumerpur | 04 | - | 04 |
| 7- | Jhansi | 18 | 02 | 16 |
| 8- | Sumaoli | - | 01 | +01 |
| 9- | Datia | - | 01 | +01 |
| 10 | Gwalior | - | 01 | +01 |
| | | **42** | **08** | **34** |

**2.1.1** झांसी मंडल के **Nandkhas** स्टेशन का कार्य अध्ययन करने पर संज्ञान में आया कि केबिन मैन के कुल 04 पद स्वीकृत है जिसमें से 01 केबिन मैन कार्यरत है एवं 03 रिक्तियां है। .**Nandkhas** स्टेशन पर ई.आई हो जाने के कारण केबिन मैन का कार्य समाप्त हो गया है। इसलिये यहां कर्मचारियों की कोई आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही है। अतः कार्य अध्ययन दल के द्वारा **Nandkhas** में केबिन मैन के सभी **04 पदो को अभ्यर्पण** हेतु प्रस्तावित किया जाता है।

**2.1.2** झांसी मंडल के झांसी स्टेशन का कार्य अध्ययन करने पर संज्ञान में आया कि केबिन मैन के कुल 18 पद स्वीकृत है जिसमें से 02 केबिन मैन कार्यरत है एवं 16 रिक्तियां है। झांसी स्टेशन पर आर.आर.आई एवं ई.आई सिस्टम लागू हो चुका है। इसलिये यहां कर्मचारियों की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। अतः कार्य अध्ययन दल के द्वारा झांसी मे केबिन मैन के सभी **18 पदो को अभ्यर्पण** हेतु प्रस्तावित किया किया जाता है।

कार्य अध्ययन दल के संज्ञान में आया है कि झांसी मंडल के सुमौली, दतिया, एवं ग्वालियर स्टेशनो पर केबिन मैन के कोई पद स्वीकृत नहीं है फिर भी इन स्टेशनो पर केबिन मैन पदास्थापित किये गये है और इन केबिन मैनो से प्वांइन्ट्स मैन का कार्य कराया जा रहा है, जो कि रेल प्रशासन के हित में नहीं है। अतः इन स्टेशनो पर कार्यरत सभी केबिन मैनो को तत्काल जिन स्टेशनो पर केबिन मैनो के पद रिक्त है, वहां पर पदास्थापित किया जाये। तथा Nandkhas एवं Jhansi में भी पदास्थापित केबिन मैनो को रिक्त पदो वाले स्टेशनो पर स्थानान्तरित किया जाये।

**केबिन मैन – अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पदो का विवरण स्टेशन के अनुसार निम्नवत है।**

| क्र. सं. | स्टेशन | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्तियां | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Nandkhas | केबिन मैन | जी.पी. 2400 | 04 | 01 | 03 | 04 पद ई.आई सिस्टम लागू होने के कारण। |
| 2. | Jhansi | केबिन मैन | जी.पी. 2400 | 18 | 02 | 16 | 18 पद आर. आर.आई एवं ई.आई सिस्टम लागू होने के कारण |
| | | | | **22** | **03** | **19** | **22** |

**<u>2.2 कार्य का विवरणः–</u>** कार्य अध्ययन में पाया गया कि झांसी मंडल में केबिन मैन संवर्ग के लिये 42 पद स्वीकृत है, जिसमें से 08 कर्मचारी कार्यरत हैं एवं 34 पद रिक्त है। इसमें से 03 कर्मचारियों से क्रमशः सुमौली, दतिया, एवं ग्वालियर स्टेशनो पर पर कोई पोस्ट स्वीकृत नहीं होने के बावजूद इन स्टेशनो पर केबिन मैनो के माध्यम से प्वांइन्ट्स मैन का कार्य कराया जा रहा है।

## 6. अध्याय–तृतीय

**3.** इस कार्य अध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के कियान्वयन के फलस्वरुप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रति पद का आकलन निम्नवत किया गया :–

| क्र0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कैबिन मैन | 5200.20200 GP-2400 (Level-I) | 22 | 62361–/ | 1,37,1,942/– | 1,64,63,304/– |
| | | कुल पद | 22 | | **कुल** 1,37,1,942/– | **कुल** 1,64,63,304/– |
| **(एक करोड चौसठ लाख तिरसठ हजार तीन सौ चार मात्र )** | | | | | | |

## 3.1 संस्तुतिः–

कार्य अध्ययन में पाया गया कि झांसी मंडल में केबिन मैन संवर्ग के लिये वर्तमान में 42 पद स्वीकृत है, जिसमें से 08 कर्मचारी कार्यरत है एवं 34 पद रिक्त चल रहे है। झांसी मंडल के सुमौली, दतिया, एवं ग्वालियर स्टेशनो पर केबिन मैन के कोई पद स्वीकृत नहीं है फिर भी इन स्टेशनो पर केबिन मैन पदास्थापित किये गये है और इन केबिन मैनो से प्वाइन्ट्स मैन का कार्य कराया जा रहा है, जो कि रेल प्रशासन के हित में नहीं है। अतः इन स्टेशनो पर कार्यरत सभी केबिन मैनो को तत्काल जिन स्टेशनो पर केबिन मैनो के पद रिक्त है, उन स्थानो पर पदास्थापित किया जाये। झांसी मंडल के Nandkhas एवं Jhansi स्टेशन पर ई. आई/आर.आर.आई एवं ई.आई सिस्टम लागू हो जाने के कारण केबिन/लीवरो द्वारा गाडी के संचालन का कार्य समाप्त हो जाता है। इसलिये जहां ई.आई एवं एस.एस.आई सिस्टम लागू हो गया है, वहां कर्मचारियों की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।इन स्टेशनो के 04 + 18 = 22 पदो

अतः कार्य अध्ययन दल, परिचालन विभाग, झांसी मंडल के Nandkhas एवं Jhansi स्टेशन पर कार्यरत केबिन मैन संवर्ग के कुल 22 पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।